तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 19 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 22 फरवरी 2025

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

9 पंचायत चुनाव : दो निकाय के बाद 3 जिला पांचयत व 22 जनपद क्षेत्र ...



10 इस महाशिवरात्रि पर बन रहा सूर्य, शनि, बुध का त्रिग्रही महायोग



## खबर संक्षेप

### कचना में आज से शिव महापुराण कथा

**जीजामगांव।** कचना में ग्रामवासियों एवं जन जागरण सत्संग समिति के सहयोग से 22 से 26 फरवरी तक श्री बेलपत्र शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया है।



व्यासपीठ पर साध्वी अन्नपूर्णा गिरी वर्षा नगर पंचायती निरंजनी अखाड़ा उज्जैन होंगी। कथा का प्रारंभ प्रथम दिवस 22 फरवरी को शिव कथा महत्व, बिंदु चंचुला कथा से होगा। 23 फरवरी को रुद्राक्ष तिरपुण्ड महिमा, शिव पार्वती विवाह, 24 फरवरी को कार्तिक जन्म, तारकासुर वध, गणेश प्राकट्य एवं विवाह, 25 फरवरी को जालंधर वध, शंखसूड वध, पंचम दिवस 26 फरवरी को महिषासुर मर्दिनी कथा, 12 ज्योतिर्लिंग, पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। कथा दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक होगी।

### चोरभट्टी में सात कुंडीय यज्ञ 24 से

**बगदेही।** ग्राम चोरभट्टी में शिवरात्रि पर्व पर तीन दिवसीय सात कुंडीय यज्ञ 24 से 26 फरवरी तक रखा गया है। आदर्श विवाह का भी आयोजन होगा। तैयारी में समिति के सचिव सुरेश साहू, उत्तम साहू, टेकराम ध्रुवंशी, कलीराम साहू, रामस्वरूप साहू, पालू साहू, इंदल साहू, श्रीमती ध्रुवंशी, द्रौपदी साहू, खिलेश्वरी साहू, पेमिन साहू, अमृत साहू, डामेश्वरी साहू समेत अन्य जुटे हैं।

### अतिथि और सेवा प्रदाता शिक्षकों की नियुक्ति से थोड़ी राहत

# पूरा सत्र बीता, नहीं हो पाया स्कूलों का युक्तियुक्तकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले के 77 स्कूल एकल शिक्षकीय हैं। यहां रेगुलर शिक्षक तो ऑफिस कार्य में व्यस्त हो जाते हैं। पढ़ाई अतिथि और सेवा प्रदाता शिक्षकों के भरोसे चल रही है। स्कूलों के युक्तियुक्तकरण अटकने से इन स्कूलों में शिक्षकों की कमी दूर होने की उम्मीद भी टूटती नजर आ रही है। सबसे ज्यादा प्रभावित डुबान क्षेत्र के स्कूल हो रहे हैं, जहां पर शिक्षकों की बेहद कमी है।

शिक्षकों की कमी को दूर करने और शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाने के लिए शासन के निर्देश पर स्कूलों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया शुरू की गई थी। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्र में किसी स्कूल में 10 से कम छात्र हैं तो उस स्कूल को एक किमी दूरी वाले दूसरे स्कूल में मर्ज किया जाना था। शहर में छात्रों की संख्या 30 से कम होने पर दूसरे स्कूल में मर्ज करने का निर्णय लिया गया था। जिले में दर्जनभर स्कूल चिन्हांकित किए गए थे। उम्मीद की जा रही थी कि स्कूलों के युक्तियुक्तकरण के बाद शिक्षकों की कमी कुछ हद तक दूर हो जाएगी। शासन से पहले तो युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया शुरू की गई लेकिन पूरा शिक्षण सत्र बीतने के बाद भी स्कूलों का युक्तियुक्तकरण नहीं किया जा सका है। इसके अतिरिक्त एक ही परिसर में संचालित हो रहे अलग- अलग स्कूलों की जानकारी भी तैयार की गई है। जिले में ऐसे 500 स्कूल हैं। मिली जानकारी के अनुसार इन स्कूलों को भी एक में मर्ज किया जाना था। इस प्रक्रिया पर ब्रेक लगा हुआ है।



#### 138 स्कूल प्राचार्यविहीन

जिले के 77 स्कूल एकल शिक्षकीय हैं। इन स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था सुचारू रखने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा सेवा प्रदाता शिक्षक और अतिथि शिक्षकों की व्यवस्था की गई है। इस व्यवस्था के बाद शिक्षा व्यवस्था में थोड़ा सुधार आया है लेकिन यह व्यवस्था अस्थायी है। अब तक स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था दुरूस्त रखने के लिए स्थायी व्यवस्था नहीं हो पाई है। इसके अतिरक्त 138 स्कूल प्राचार्य विहीन हैं, जहां पर प्रभारी प्रचार्य स्कूल की बागडोर सम्हाले हुए हैं।

#### हर साल कम हो रहे शिक्षक

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्राइमरी कक्षा में शिक्षकों के 2300 पद स्वीकृत हैं। इसमें से 2279 शिक्षक कार्यरत हैं। इसी प्रकार मिडिल स्कूल में 2272 पद स्वीकृत हैं, इसके विरूद्ध 1785 शिक्षक कार्यरत हैं। हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों में 1556 पद स्वीकृत हैं जबकि 1349 कार्यरत हैं। उल्लेखनीय है कि हर साल बड़ी संख्या में शिक्षक रिटायर हो रहे हैं लेकिन भर्ती नहीं हो रही है। ऐसे में शिक्षकों की कमी हर साल बढ़ती जा रही है।

## मामा ने भांजे को लाठी से पीटा, घायल

**धमतरी।** मामा ने रात्रि में टहलने निकले भांजे की लाठी से पिटाई कर उसे घायल कर दिया है। पुलिस के अनुसार दुगली थाना क्षेत्र के ग्राम खैरभर्री निवासी भवनसिंह कावड़े पिता रामदयाल उम्र 29 वर्ष मजदूरी का काम करता है। गांव का झाड़ूराम नेताम पिता गीताराम रिश्तेदारी में युवक का मामा लगता है। रात्रि में युवक खाना खाने के बाद मोबाइल में बात करते हुए अकेला गांव के पास स्थित नदी की तरफ घूमने जा रहा था। यह देख मामा झाड़ूराम ने रात्रि में घूमने व मोबाइल में किसी से बात करने से मना किया। युवक द्वारा मना करने वाले कौन होते हो कहने पर आवेश में आकर मामा ने मारपीट शुरू कर दी। मामा ने अपने घर से लाठी लाकर भांजे की पिटाई कर दी। घटना में भांजे के घुटने, कुहनी व सिर में चोट लगी है। पीड़ित की शिकायत पर दुगली पुलिस ने आरोपी झाड़ूराम नेताम के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।



■ ग्राम खैरभर्री का मामला

# केंद्रीय टीम ने निक्षय निरामय अभियान का लिया जायजा

■ छग को टीबी से मुक्त कराने चलाया जा रहा 100 दिवसीय अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

टीबी की बीमारी से छत्तीसगढ़ को मुक्त कराने चलाए जा रहे निक्षय निरामय अभियान की पड़ताल करने केंद्रीय टीम जिला अस्पताल पहुंची। टीम ने टीबी के मरीजों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग भारत सरकार के डिप्टी कमिश्नर डा.विनय गर्ग, राज्य से मनीष मसीह, डा. रोचक सक्सेना व डा. सचिन चंद्राकर की संयुक्त टीम निक्षय निरामय अभियान की पड़ताल करने जिला अस्पताल पहुंची। टीम ने जिला अस्पताल के टू नॉट लैब का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने छग में 7 दिसंबर 2024 से 24 मार्च 2025 तक चलाए जा रहे 100 दिवसीय निक्षय निरामय अभियान का जायजा लिया। टीम ने जिला अस्पताल स्थित टू नॉट लैब व एक्सरे विभाग से टीबी जांच के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान टीम ने जिला अस्पताल के सिविल सर्जन व वरिष्ठ चिकित्सकों से टीबी मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान को तेजी देने संबंधित चर्चा कर जांच बढ़ाने संबंधी आवश्यक निर्देश दिए। अधिक से अधिक लोगों की टू नॉट मशीन से जांच व उच्च जोखिम वाले समूह के व्यक्तियों की टीबी जांच एक्सरे से करने पर जोर दिया गया।

इस दौरान सीएमएचओ डा. यूएल कौशिक, सिविल सर्जन डा. अरूण टोंडर, नोडल अधिकारी डा. टीआर ध्रुव, जिला समन्वयक आशीष वैष्णव, अस्पताल सलाहकर गिरीश कश्यप, गुरुशरण साहू सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।



# नाती को स्कूल छोड़कर लौट रही महिला को कार ने मारी ठोकर, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶सांकरा

■ सांकरा के नंदी चौक के पास हुआ हादसा

सिहावा थाना क्षेत्र के ग्राम सांकरा के नंदी चौक के पास तेज रफ्तार कार ने महिला को जोरदार टक्कर मार दी । इस घटना में महिला की मौत हो गई।

बताया जाता है कि लक्ष्मी ध्रुव पति स्व. संतराम उम्र 65 वर्ष अपने नाती को स्कूल छोड़ने के लिए गई थी। बच्चे को छोड़कर वह वापस लौट रही थी तभी पीछे से एक सफेद रंग की कार क्रमांक सीजी 04 एचबी 7481 ने लक्ष्मी ध्रुव को ठोकर मार दी। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक लक्ष्मी ध्रुव अपने बहू के साथ सांकरा में रहती थी। उसकी बहू नर्स के पद पर सांकरा में पदस्थ हैं जिसके साथ वह रह रही थी। शुक्रवार को करीब 10 बजे हुए सड़क हादसे में लक्ष्मी ध्रुव ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया है। वहीं सफेद रंग की कार को सिहावा पुलिस जब्त कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।







## खबर संक्षेप

### नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को आज मिलेगा प्रमाण पत्र

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के रिटर्निंग ऑफिसर (पंचायत) केतन भोयर ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के अंतर्गत विकासखंड दुर्गूकोंदल के 570 पंच, 44 सरपंच, 11 जनपद सदस्य निर्वाचित हुए है। विजयी प्रत्याशियों को मिलने वाले मतों का 21 फरवरी को सारणीयन किया गया। निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को 22 फरवरी को जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल में दोपहर 03 बजे से प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

### कोड़ेकुर्सी का दो दिवसीय वार्षिक मेला 5 मार्च को

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के अंतर्गत कोड़ेकुर्से का दो दिवसीय वार्षिक मेला 05 एवं 06 मार्च को आयोजित किया जाएगा। यह मेला इस क्षेत्र का बड़ा मेला है एवं इस मेले मे सुरंगदोह, गुदम, साधुमीचगांव, आंधेवाड़ा, गुर्दाटोला, कराकी, कोन्डरूंज, भूरके, चाऊरगांव, गोड़पाल, ओटेकसा, उईकाटोला, नेलचाग, करकपाल, पाल्हर, पालवी, हामतवाही, एन्हूर, नरेटीटोला, मिचेवाड़ा व अन्य ग्राम से मेला शामिल होंगे। सरपंच ने बताया की मेला के व्यापारी को जगह, पानी, बिजली का व्यवस्था किया गया जाएगा। पुलिस थाना प्रभारी केजू राम रावत सम्पूर्ण सुरक्षा एवं शांति पूर्ण मेला सम्पन्न करवाने मे सहयोग प्रदान करेंगे।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत महादेव वार्ड कांकेर निवासी 22 वर्षीय पुखराज ने 20 फरवरी को फांसी लगा लिया जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक ने फांसी क्यो लगाया यह अभी तक पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### युवक ने की खुदकुशी जांच में जुटी पुलिस

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत गोलकुम्हड़ा निवासी 24 वर्षीय मयंक राजपुर ने अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। गोलकुम्हड़ा निवासी भुनेश्वर राजपूत ने पुलिस को बताया कि मृतक 19 फरवरी को रात लगभग 9 बजें घर में किसी को जानकारी दिए बिना कही चला गया था। अगने दिन 20 फरवरी को सुबह उसका शव आम पेड़ में फांसी पर लटका हुआ मिला। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### बच्चे हो रहे हैं व्यावसायिक शिक्षा में दक्ष

**भोंड।** बस्तर विखं के माध्यमिक शाला भुरसुंडी में व्यावसायिक शिक्षा के तहत विभिन्न कार्य करवाएं जा रहे हैं। यह कार्य बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिसमें उन्हें न केवल पर्यावरण के संरक्षण के बारे में समझ मिल रही है, बल्कि उन्हें लघु व्यवसाय की अवधारणाओं और उनके कार्यान्वयन के बारे में भी जानकारी प्राप्त हो रही है। दोना पत्तल और अचार, बड़ी निर्माण जैसे कार्य न केवल स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उत्पन्न करते हैं, बल्कि इससे पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव भी पड़ता है, क्योंकि इन उत्पादों का निर्माण पारंपरिक और पर्यावरण के अनुकूल तरीकों से किया जा रहा है। इसके अलावा, इस तरह के प्रशिक्षण से बच्चों को छोटे व्यवसायों में निवेश, उत्पादन और लाभ का गणना करने का अनुभव होता है, जो उन्हें भविष्य में आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेगा। ग्रामीण महिलाएं और अभिभावक भी इस प्रक्रिया का हिस्सा बनकर न केवल बच्चों को तकनीकी दृष्टिकोण से मार्गदर्शन कर रहे हैं। बल्कि सामुदायिक सहयोग को भी बढ़ावा दे रहे हैं। बच्चों और ग्रामीण महिलाओं की सहभागिता से यह कार्य न केवल एक व्यवसाय के रूप में विकसित होगा, बल्कि एक सामाजिक दृष्टिकोण से भी यह एक सशक्त पहल साबित हो सकती है।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

हरदी, पहंदा में सरपंच निर्विरोध चुने गए, मोतिमपुर में पद रिक्त

# ब्लॉक की अधिकांश ग्राम पंचायतों में महिला सरपंच का रहा दबदबा

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड




त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के प्रथम चरण का चुनाव 17 फरवरी को हुआ। जनपद पंचायत मगरलोड की 66 ग्राम पंचायतों में पंच, सरपंच के लिए मतदान हुआ था। अधिकांश ग्राम पंचायतों में महिला सरपंचों का दबदबा रहा है।

ग्राम पंचायत राजपुर में जामबाई सिन्हा सरपंच निर्वाचित हुईं। इसी प्रकार चन्द्रसुर में देवचरण साहू , बुड़ेनी खेमू साहू, नवागांव बु. केंवरा साहू, भेंडरी राजेश्वरी आनंद पटेल, चंदना में जीवनलाल यादव, परसट्ठी में तोमन साहू, परेवाडीह डायमंड ध्रुव, मोहरेंगा प्रीति भूपेन्द्र ध्रुव, बड़ी करेली खेमलता साहू, धौराभाठा में धनेश्वरी धनेश साहू, कुंडेल में यशोदा कौशल साहू, हसदा में ईश्वरी कांशी साहू, खिसोरा में राखी साहू, डूमरपाली में पुष्पा देवदास, भोथीडीह दीक्षा मुकेश, रांकाडीह भोज साहू, बेलौदी सीता साहू, गिरौद टलेश्वर साहू, सौंगा वंदना साहू, अरोद पेखन साहू, खैरझिटी में जय नारायण साहू, कमरौद नवीना साहू, सांकरा गणेश्वर यादव, बोड़रा केवल राम वर्मा, धौराभाटा न. दानीराम देवांगन, कपालफोड़ी हेमिन साहू, नवागांव धौरा. विद्या कंवर, गाड़ाडीह रामचरण साहू, अमलीडीह जितेन्द्री नाग, कुल्हाड़ीकोट भारती निषाद, दूधवारा द्रोण गायकवाड़, शुक्लाभाठा पलवंतीन यादव, भरदा भानुप्रिया साहू, परसवानी चन्द्रिका कंवर, मेघा मनीषा ध्रुव, करेली छोटी डॉ परमेश्वर साहू, डाभा राजकुमारी साहू , छिपली नारायण साहू, मड़ेली सोनबती कमार, बेलरदोना मानिकराम कंवर, परसाबुड़ा लालाराम यादव, कोरगांव पोखन पटेल, बेलोरा शकुन ध्रुव, सोनपैरी इंदुलता कंवर, मोहंदी अनीता राजू लहरे, सरगी डॉ हरि विनायक सिन्हा, सोनेवारा सुरेखा परमा निषाद, भोथा टिकेश्वरी कंवर, लड़ेर उमा राजेन्द्र निषाद, बोरसी नूतन दुलेश निषाद, झाझरकेरा विमल नेताम, बिरझुली पुष्पलता सिन्हा, पठार दुलारसिंग गनियार, मोहेरा फलेश्वरी कश्यप, खड़मा नंद कुमार ध्रुव, सिंगपुर लोमेश्वर साहू, मुड़केरा त्रिवेणी सिन्हा, सोनझरी ललेश्वरी यादव, केकराखोली ललित नेताम, भंडारवाड़ी रोहित मरकाम, बोईरगांव उत्तम ध्रुव, मारागांव देवकी ध्रुव, हरदी मनोहर ध्रुव, पहंदा में लोकनाथ सूर्यवंशी सरपंच निर्वाचित हुए हैं।

ग्राम पंचायत मोतिमपुर में सरपंच पद अनुसूचित जनजाति मुक्त के लिए आरक्षित था। किन्तु किसी ने नामांकन फॉर्म नहीं भरा था जिससे सरपंच पद रिक्त है। इसी तरह ग्राम पंचायत हरदी में मनोहर ध्रुव तथा पहंदा से लोकनाथ सूर्यवंशी निर्विरोध सरपंच चुने गए हैं।

# भाजपा सरकार ने गरीबों के कल्याण के लिए कई योजनाएं चलाई : सार्वा

- वनांचल में भाजपा प्रत्याशी को मिल रहा व्यापक जनसमर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर भाजपा प्रत्याशी अरुण सार्वा को वनांचल ग्राम खल्लारी, मासूलखोई, करही और जोरातराई में व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। ग्रामीणों ने भरोसा जताया कि भाजपा के नेतृत्व में ही उनके गांवों का सर्वांगीण विकास संभव है। इस दौरान श्री सार्वा ने जनसभाओं में जनता को सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने का आश्वासन दिया। वनांचल क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान ग्रामीणों ने भाजपा प्रत्याशी अरुण सार्वा का गर्मजोशी से स्वागत किया। श्री सार्वा ने कहा कि गांवों में कई समस्याएं हैं, लेकिन भाजपा सरकार के नेतृत्व में इनका समाधान निश्चित रूप से होगा। ग्राम खल्लारी, मासुलखोई, करही और जोरातराई के ग्रामीणों ने सड़क, स्वास्थ्य केंद्र, शुद्ध पेयजल, स्कूल और सिंचाई की समस्याओं को प्रमुख रूप से रखा। इन समस्याओं को सुनते हुए अरुण सार्वा ने कहा कि गांवों का समुचित विकास ही मेरी पहली प्राथमिकता होगी। भाजपा सरकार ने हमेशा गरीबों और वनांचल के लोगों के कल्याण के लिए योजनाएं चलाई हैं। आपके समर्थन से मैं पंचायत में चुना जाता हूं तो आपके हर छोटे-बड़े मुद्दों को हल कराने में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा।

अरुण सार्वा ने केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि भाजपा सरकार आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, लघु वनोपज समर्थन मूल्य, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी कई योजनाओं से गरीबों को सशक्त बना रही है। इस दौरान रविशंकर दुबे, पारस साहू, सुगंध साहू, पवन साहू, गिरवी भंडारी, रेवा तिवारी, जीवन साहू, सत्संग साहू, लव साहू, सत्ती मरकाम, डीके यादव, शकुनबाई, हिरवानी कश्यप, जन्मेजय साहू, बलदाऊ यादव, रामदास, जनकराम साहू, सुंदरलाल साहू, प्रभा साहू, बिसाहिन बाई, शारदा पटेल, राधाबाई, शबरीबाई भंडारी, शशि भूषण साहू उपस्थित थे।

# सिलीडीह पंचायत की कमान रूचि संभालेंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव




ग्राम सिलीडीह में ग्रामीणों ने रूचि पेखन देवांगन को सरपंच चुना। सरपंच पद के लिए हुए चुनाव में दो प्रत्याशी मैदान पर थे। गुंजा निषाद एवं रूचि देवांगन के बीच मुकाबला था जिसमें रूचि पेखन देवांगन ने 204 मतों से जीत हासिल की है। गुरुवार को अधिकृत रूप से घोषणा के बाद गांव में विजय जुलूस निकाला गया। महिलाओं ने भी आरती व फूल पहनाकर नवनिर्वाचित सरपंच का अभिनंदन किया। पंच रामविशाल साहू, देवजानी देवांगन, पूर्णिमा निषाद, पूर्णिमा यादव, अर्जुन ध्रुव, अंबिका कंवर, दुर्गा निषाद, जानकी कंवर, गंगा महिलांगे, संतोष निषाद का भी स्वागत किया गया। गांव की गलियों में रैली निकाली गई। कार्यकर्ता झूमते नजर आए।

स्वागत रैली में कुलेश्वर देवांगन, तिरिथ चक्रधारी, रोहित साहू, गणेश देवांगन, अमर सिंह, योगेश्वर सेन, संतराम चक्रधारी, ओम कुमार, उत्तम कुमार, ललिता दुबे, लता, दामिनी साहू, विशाखा, रुक्मणि, उषा चक्रधारी, माधुरी देवांगन, सीमा निषाद, यशोदा कंवर, कोमल निषाद सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# हमारी सरकार बालिका शिक्षा के प्रति गंभीर : छाबड़ा

- कन्या शाला के वार्षिक उत्सव में शामिल हुए नवनिर्वाचित नपं अध्यक्ष व पार्षद

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी




स्व. अभिषेक गोलछा शासकीय कन्या शाला के वार्षिक उत्सव में छात्राओं की प्रस्तुतियों ने लोगों का मन मोह लिया। छात्राओं ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति का अभूतपूर्व प्रदर्शन किया। वार्षिक उत्सव में नगर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा समेत अनेक पार्षद शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा थे। अध्यक्षता शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष प्रतिमा देवांगन ने की। विशेष अतिथि नवनिर्वाचित पार्षद चेलेश्वरी साहू, राजा पवार, यशकरण पटेल, देवचरण ध्रुव, अंबिका ध्रुव, अलका किरण साव, शंकर देव, विनीता कोठारी थे। प्राचार्या श्रीमती नाग ने शाला का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर शाला विकास से संबंधित कुछ मांगें रखी जिसे यथाशीघ्र पूर्ण करने का आश्वासन अतिथियों ने दिया। मुख्य अतिथि श्री छाबड़ा ने कहा कि छात्राओं के हित में उनका हर कदम आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बालिका शिक्षा के प्रति गंभीर है और बालिकाओं के लिए अनुकूल परिस्थिति का निर्माण कर आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। आगे कहा कि नगरी में कन्या शाला का अपना इतिहास रहा है। इस संस्था से अनेक ऐसी छात्राएं पढ़कर निकली हैं जो आज उच्च पदों पर आसीन होकर नगरी का नाम रोशन कर रही हैं। कार्यक्रम में छात्राओं ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका अनीता सोम ने किया।

# अरौद मेघा में विजयी पंच-सरपंच ने निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का प्रथम चरण 17 फरवरी को मगरलोड क्षेत्र में हुआ। ग्राम पंचायत अरौद मेघा में विगत 20 वर्षों से कांग्रेस पार्टी के सरपंच प्रत्याशी विजयी होते रहे हैं। 2025 के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर भाजपा समर्थित सरपंच को विजय दिलाने में सफलता पाई है। इससे गांव में खुशी का माहौल है। ग्राम पंचायत में 10 वार्ड है जिसमें सरपंच सहित सात वार्ड में भाजपा के पंचों ने जीत हासिल की है। चुनाव संपन्न होने के दूसरे दिन पंच सरपंच सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने विजय जुलूस निकाला। गांव के सभी घर जाकर उनसे आशीर्वाद लेकर प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष सहयोग के लिए आभार माना। विजयी पंच सरपंच ने बिना भेदभाव के गांव का विकास करने का विश्वास दिलाया है। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति को मिलेगा। विजय जुलूस में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे।

# शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर बंधाया ढांढस

- परिजनों को तत्काल 2000 रुपये की आर्थिक सहायता दी गई

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



वार्ड क्रमांक 7 के संजय भट्ट के निधन पश्चात शोक संतप्त परिवार से नव निर्वाचित पार्षद चेलेश्वरी लखन साहू मिले और परिजनों को ढांढस बंधाया। परिजनों को श्रद्धांजलि योजना के तहत तत्काल 2000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। पार्षद चेलेश्वरी ने कहा कि समस्त वार्डवासी उनके परिवार का हिस्सा है और उनके सुख और दुख में सदैव भागीदारी निभाएंगी।

# शिविर में आमदी स्कूल के छात्रों का हुआ दंत परीक्षण




हरिभूमि न्यूज ⏭आमदी(धमतरी)

गुरुकृपा डेंटल क्लिनिक एंड इंप्लांट सेंटर धमतरी द्वारा राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण आमदी में एक दिवसीय निःशुल्क दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर के लोगों का निःशुल्क दंत परीक्षण डॉ संदीप लच्छवानी धमतरी द्वारा किया गया। शिविर में शासकीय उन्नयन माध्यमिक शाला आमदी के छात्रों का दंत परीक्षण कर उनका निदान किया गया। साथ ही ब्रश करने के तरीके व दंत रोगों के बारे में जानकारी दी गई।

# सोसाइटी कर्मचारियों को प्रबंधकीय अनुदान राशि मिलने की आस

हरिभूमि न्यूज ⏭पुरी



सोसाइटी कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर निरंतर धरना, प्रदर्शन किया। अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा परंतु अभी तक मांगों पर सकारात्मक निराकरण नहीं हुआ। नरेंद्र साहू प्रदेश अध्यक्ष छग सरकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर ने बताया कि समितियों द्वारा जो कार्य किया जाता है उसमें कमीशन कम मिलता है। गत वर्ष नवंबर 2024 में अनिश्चितकालीन आंदोलन के दौरान छग शासन द्वारा लंबित मांगों की पूर्ति के लिए अंतरविभागीय कमेटी बनाई गई है। मांगों को पूरा करवाने महासंघ के पदाधिकारी मंत्रालय से लेकर अधिकारी मंत्रियों के चक्कर काट रहे हैं। आश्वासन मिला है कि बहुत जल्द उनकी जायज मांगों पर सकारात्मक पहल की जाएगी। महासंघ ने मार्च के वित्तीय बजट में मांगों को शामिल करने मुख्यमंत्री, सहकारिता मंत्री, खाद्यमंत्री, वित्तमंत्री से निवेदन किया है।

## गायत्री परिवार ने किया प्रतिभावान छात्रों का सम्मान



**कोर्रा(भखारा)।** भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा सम्मान समारोह 2025 का आयोजन गैलेक्सी हायर सेकेंडरी भखारा किया गया। इस दौरान गायत्री परिवार के सदस्य सविता साहू, पदमा साहू सीमा साहू, टीकाराम साहू द्वारा परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने विद्यार्थी अन्नपूर्णा साहू, हर्षित साहू एवं आहूजा बैस को मैडल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्राचार्य जानकी साहू, दुलौरीन साहू, रोशनी, विजय लक्ष्मी, तमिल साहू समेत विद्यार्थी उपस्थित थे।

# कांग्रेस सेक्टर अध्यक्ष पंच का चुनाव भी नहीं जीत पा रहे : गोपाल

**धमतरी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में कांग्रेस पिछड़ी हुई है। हालत यह है कि पंच का पद भी हार रहे हैं। इसका ताजा उदाहरण ग्राम कुर्रा में देखने को मिला जहां पर कांग्रेस के सेक्टर अध्यक्ष ने पंच पद के लिए चुनाव लड़ थे जिसे एक साधारण किसान ने हरा दिया। कांग्रेस सेक्टर अध्यक्ष एक बार नहीं तीन बार हार चुके हैं। उक्त बातें चुनाव प्रभारी गोपाल साहू ने कही। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेसी पदाधिकारी पंच का पद भी जीत नहीं पा रहे हैं इससे पता चलता है कि कांग्रेस का अस्तित्व अब समाप्ति की ओर है। रोशन साहू ने कहा कि कांग्रेस जनता का विश्वास हो चुकी है। नगर निगम चुनाव, नगर पंचायत चुनाव के बाद अब त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भी कांग्रेस को हार का मुंह देखना पड़ रहा है। पूरा प्रदेश भाजपामय हो गया है।

## निधन

### सत्यवान पुरी गोस्वामी

**जीजामगांव।** ग्राम तरसींवा के प्रतिष्ठित सत्यवान पुरी गोस्वामी 59 वर्ष का निधन 20 फरवरी गुरुवार को हो गया।



उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम तरसींवा के शांतिघाट में किया गया। उनके निधन पर नीलमबन गोस्वामी जिलाध्यक्ष गोस्वामी समाज धमतरी, दामोदर गोस्वामी पूर्व जिला अध्यक्ष, केदार बन गोस्वामी, गीता गोस्वामी, वेद पुरी, शंकर पुरी सहित जिला गोस्वामी समाज तथा ग्रामीणों ने गहरा शोक प्रकट किया है।

Pride of Dhamtari



सूर्या किराया भंडार एवं केटरिंग
शुद्ध आहार शाकाहार
ऑफिस : पुराना बस स्टैण्ड, धमतरी // सिन्हा सुपर बाजार के बाजू, गुरूर
धमतरी | भवन सुविधा उपलब्ध | शांतिपुर पुरूर
निगम सामुदायिक भवन | 94063-16777 | सूर्या मैरिज ग्राउण्ड
राखेचा भवन | 73890-66777 | राजवीर वाटिका
शादी, सगाई, बर्थडे एवं अन्य समारोह हेतु डेकोरेशन फ्लावर, लाईट, भवन, भोजन सभी सुविधा उपलब्ध है



विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

**खबर संक्षेप**

### पंचायत सदस्यों का सारणीकरण आज

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर के निर्देशानुसार त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अन्तर्गत द्वितीय चरण में विकासखण्ड कटेकल्याण का मतदान 20 फरवरी को सम्पन्न हुआ। आयोग के समय अनुसूची अनुसार पंच, सरपंच एवं जनपद पंचायत सदस्यों का सारणीकरण 22 फरवरी को जनपद पंचायत कटेकल्याण के सभाकक्ष में समय प्रातः 9 बजे से तथा जिला पंचायत सदस्यों का सारणीकरण 23 फरवरी को जिला पंचायत दंतेवाड़ा के भू-तल स्थित सभाकक्ष में प्रातः 10.30 बजे से किया जावेगा।

### नागेश्वर महादेव, कारीतराई बालेंगा बस्तर की महिमा

**जगदलपुर।** नागेश्वर महादेव मंदिर, कारीतराई एनएच 30 रायपुर रोड में नगर पंचायत बस्तर से तकरीबन 3-4 किलोमीटर की दूरी पर मुख्य मार्ग के किनारे ही स्थित है। नागेश्वर महादेव मंदिर से वर्षों से जुड़े लोगों के अनुसार यह मंदिर पहले वर्तमान मंदिर स्थल से तकरीबन 50 मीटर की दूरी पर मुख्य मार्ग के किनारे ही स्थित था जो वर्ष 1980 में बनवाया गया था। सड़क चौड़ीकरण का कार्य होने के कारण इस मंदिर हटाकर निकट ही दूसरा मंदिर बनवाने की बात कहकर मंदिर को तोड़ दिया गया और वहां स्थापित महादेव जी की प्रतिमा को केन्द्रीय रेशम कार्यालय कैम्पस में एक झोपड़ी बनाकर रख दिया गया । एनएच 30 के चौड़ीकरण में संलग्न ठेकेदार के द्वारा जो मंदिर बनवाने का वायदा किया गया था उस मंदिर को करीब 5-6 फीट की दीवार बनाकर ही अधूरा बनाकर छोड़ दिया गया। समय बीतता गया कई वर्षों के बाद क्षेत्रीय ग्रामवासियों व मंदिर से जुड़े लोगो की आग्रह से स्थानीय विधायक की अनुशंसा पर मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए 3 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान हुई । यह मंदिर बस्तर प्राधिकरण से स्वीकृत 3 लाख रूप्ये की राशि एवं जनसहयोग से पूर्ण किया गया। चूंकि पुराने मंदिर से महादेव जी की मूर्ति को निकालते समय वह खण्डित हो गया था इसलिए विचार किया गया कि मंदिर में नवीन मूर्ति लाया जाकर स्थापना किया जावे और रायपुर से जलहरि, नंदी भगवान सहित नर्मदा के पत्थर से तराशी गई शिवलिंग की मूर्ति लाया गया और उसे एक कक्ष में धान में ढककर रख दिया गया लेकिन इसके पूर्व व बाद में घटित दैवीय घटनाओं को जानना व समझना जरूरी है कि मंदिर पूरी तरह पूर्ण होने के बाद भगवान की स्थापना के लिए जो स्थान रिक्त रखा गया था एकदम उसी स्थान पर एक दिन एक साक्षात नाग आकर बैठ गया। रेशम कार्यालय में कार्य करने वाले अधिकारी इसे भगवान का करिश्मा तो समझ ही रहे थे लेकिन साथ ही डर भी रहे थे और उन्होंने सांप पकड़ने वाले एक पुलिस कर्मी को बुलाकर उसे पकड़वाया।

### मुक्तिमोर्चा निभाएगी विपक्ष की भूमिका

**जगदलपुर।** वार्ड चुनाव में मुक्तिमोर्चा के प्रत्याशियों को मिले जनता, मतदाताओं के आशीर्वाद को लेकर मोर्चा के प्रमुख संयोजक नवनीत चांद ने जनता का आभार जताते हुए उन्हें से धन्यवाद दिया है एवं शीघ्र ही बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा को राजनीतिक पार्टी के व्यापक स्वरूप में बदलकर बस्तर हितों के लिए संघर्ष करने की बात कही है। उन्होंने कहा है कि संपन्न नगरीय चुनाव में बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा ने जीत हार से ऊपर उठकर आधे दर्जन से अधिक वार्डों में चुनाव लड़ा सभी वार्डों में आप सम्माननीय जनता, मतदाताओं का भरपूर प्यार और समर्थन हमें मिला अब मोर्चा ने संकल्प लिया है कि और मजबूती से जगदलपुर के निगम क्षेत्र में चिंता की समस्याओं को लेकर एक तरफ हम विपक्ष की भूमिका निभाएंगे।

अधिकांश सरपंच एवं पंच पदों पर भी भाजपा का दबदबा कायम

# पंचायत चुनाव दो निकाय के बाद 3 जिला पंचायत व 22 जनपद क्षेत्र में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों की हुई जीत

- आज मतों के सारणीकरण के बाद होगी चुनाव परिणाम की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद







त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के द्वितीय चरण में गुरुवार को कुरुद ब्लाक में मतदान हुआ। मतदान पश्चात देर रात तक हुई मतगणना में 4 जिला पंचायत क्षेत्र में से 3 में भाजपा, 1 में कांग्रेस, 25 जनपद पंचायत क्षेत्र में से 22 में भाजपा समर्थित, 3 में कांग्रेस समर्थित सदस्य निर्वाचित हुए हैं। इसके अलावा अधिकांश सरपंच व पंच पदों पर भी भाजपा समर्थित प्रत्याशी जीते हैं।

कुरुद ब्लाक अंतर्गत आने वाले जिला, जनपद और अधिकांश ग्राम पंचायतों में भाजपा समर्थित अभ्यर्थियों ने चुनाव जीतकर नगर निकाय के बाद गांव व क्षेत्र में भगवा लहराया है। जिला पंचायत के क्षेत्र क्रमांक 1 में भाजपा समर्थित प्रत्याशी पूजा राजू सिन्हा, 2 में कुलेश्वरी सुनील गायकवाड़, 3 में गौकरण साहू ने जीत दर्ज की। क्षेत्र क्रमांक 4 में कांग्रेस के नीलम चन्द्राकर चुनाव जीतने में कामयाब रहे। इस तरह तीन क्षेत्र में बीजेपी और एक में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार विजय हुए हैं। वहीं अधिकांश ग्राम पंचायतों में सरपंच पद पर भाजपा समर्थित उम्मीदवार विजयश्री हासिल कर गांव की सत्ता में दबदबा कायम करने कामयाब हुए हैं। वही कई पंचायतों में भाजपा से निर्दलीय होकर चुनाव लड़े प्रत्याशियों ने भी जीत दर्ज की है। देर रात तक हुई वोटिंग और मतगणना के कारण शुक्रवार को आधिकारिक रूप से मतगणना का टेबुलेशन नहीं हो पाया जिसे शनिवार को संपादित कर अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

गौरतलब है कि कुरूद जनपद पंचायत में 82.80 प्रतिशत मतदान हुआ। इसमें महिला मतदाता 84.75 और पुरूष मतदाता 80.84 प्रतिशत रहे। इस तरह कुरूद जनपद पंचायत में पुरूष मतदाताओं की अपेक्षा महिला मतदाताओं ने 5 प्रतिशत वोटिंग अधिक की। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत दूसरे चरण के मतदान से 103 सरपंचों, 25 जनपद सदस्यों, 1147 पंचों और 4 जिला पंचायत सदस्यों का निर्वाचन किया गया। जनपद क्षेत्र में कुल 105 ग्राम पंचायतों में सरपंचों और 1564 पंच पदों के लिए नामांकन प्राप्त किए गए थे । इनमें से 2 ग्राम पंचायतों में सरपंचों का निर्वाचन निर्विरोध हो चुका था। इसी तरह कुल 1564 पंच पदों में से 417 पदों पर निर्विरोध निर्वाचन किया जा चुका है। कुरूद जनपद क्षेत्र में अब 103 सरपंच पदों पर निर्वाचन के लिए 346 अभ्यर्थी और 1147 पंच पदों के लिए 2491 प्रत्याशी मुकाबले में रहे। जनपद क्षेत्र में 25 जनपद सदस्य पदों के लिए 68 और 4 जिला पंचायत सदस्य पदों के लिए 8 उम्मीदवार मैदान में थे।

#### 22 जनपद क्षेत्र जीतकर भाजपा ने बनाया रिकार्ड

25 जनपद क्षेत्र के सदस्यों के लिए हुए चुनाव में 22 पर भाजपा समर्थित उम्मीदवार चुनाव जीतकर दबदबा कायम करने सफल रहे। क्षेत्र कं 1. सेमरा सि में गीतेश्वरी साहू जोरातराई (सि), 2. तर्रागोंदी-सतीश जैन पचपेड़ी, 3. भेण्ड्रा रेखा साहू बोरझरा, 4. गाड़ाडीह रा.- डिकेश्वरी देवांगन गाड़ाडीह, 6. कोसमर्रा-श्रीमती सिंधु बैस कुर्रा, 7. भुसरेंगा-एवन साहू भेण्डरवानी, 8. बगौद-रूमान कुर्रे बंगोली, 9. कातलबोड़ - कुलेश्वरी साहू कातलबोड़, 11. परखंदा-महेश ध्रुव गाड़ाडीह, 12. गुदगुदा - शकुंतला देवांगन चारभाठा, 13. सिवनीकला-टेकराम साहू सिवनीकला, 14. नारी- दिलीप चकधारी नारी, 15. धुमा- मनीषा साहू दर्रा, 16- अछोटी-उर्वशी बांधेकर, 17. मरौद-हिमांशु साहू भाठागांव, 18. जोरातराई अं.-आनंद यदु सिर्वे, 20. कोंडापार-अनुराग साहू कोण्डापार, 21. दरबा-चंद्रशेखर साहू दरबा, 22. अंवरी- ललिता भतपहरी कोड़ेबोड़, 23. चर्रा-चित्रलेखा ध्रुव चर्रा,.24. जीजामगांव- गंगा साहू जामगांव और क्षेत्र क्रमांक 25. मडेली में ठाकुर राम साहू मडेली शामिल हैं। जबकि क्षेत्र क्रमांक 5 सुपेला में कांग्रेस समर्थित बनीता प्रमोद सिन्हा, क्षेत्र 10 मंदरौद में कंचन साहू, क्षेत्र क्रमांक 19 सिर्री में लीली श्रीवास ने जीत दर्ज की है।

## बाजार कुर्रीडीह स्कूल में दसवीं के छात्रों को दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- व्याख्याता डॉ नायक ने बोर्ड परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण टिप्स दिए

शासकीय हाईस्कूल बाजार कुर्रीडीह में कक्षा नवमीं के विद्यार्थियों ने कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया। दसवीं के कुछ छात्रों ने अपने स्कूली जीवन के अनुभव भी साझा किए। विदाई कार्यक्रम में दसवीं के बच्चे भावुक होते नजर आए। प्राचार्य अभयराम ध्रुव ने सभी विद्यार्थियों को आगामी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दी।

विदाई कार्यक्रम में दसवीं के विद्यार्थियों को भेंटस्वरूप पेन दिए गए। व्याख्याता डॉ आशीष नायक ने आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण टिप्स दिए। परीक्षा की तैयारी कैसे करनी है, किस प्रकार प्रश्नों को हल करना है, परीक्षा काल के दौरान तनाव नहीं लेना है, प्रश्नों को समझ कर अंक विभाजन के अनुसार उत्तर लिखना, किसी भी प्रश्नों को छोड़ना नहीं ह , आदि बातें उन्होंने समझाई। परीक्षा के दौरान पर्याप्त नींद लेना, सही भोजन करना, एकाग्रचित होकर पढ़ना व अनुशासित दिनचर्या अपनाने पर जोर दिया। डॉ नायक ने कहा कि परीक्षा और उसका परिणाम आपकी संपूर्ण जिंदगी नहीं अपितु जिंदगी का एक पड़ाव है। इसे कड़ी मेहनत से आपको पार करना है और आगे भी भविष्य में विषय व व्यवसाय चयन में कोई कठिनाई या कोई मार्गदर्शन लेना हो तो वह बेझिझक ले सकते हैं। कार्यक्रम में कमलेश निषाद, चुम्मन साहू, शिव कुमारी नेताम, भावना रामटेके, भागीरथी समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## खेमलता बनी करेली बड़ी पंचायत की सरपंच



#### देवेंद्र पाल 234 मतों से विजयी रहे

जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 5 के लिए करेली बड़ी से कांग्रेस से देवेंद्र पाल और भाजपा समर्थित प्रत्याशी जितेश्वर साहू रहे। दोनों ने विकास के मुद्दे को लेकर प्रचार किया। चुनावी परिणाम में देवेंद्र पाल को 2166 मत और जितेश्वर साहू को 1932 मत मिले। इस तरह देवेंद्र पाल 234 मत से चुनाव जीत गए।

- चुनाव में भाजपा प्रत्याशी इंदु को 518 मतों से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण का मतदान 17 फरवरी को हुआ। रात्रि तक परिणाम के रुझान आते रहे। अंत में पूर्ण परिणाम आ गया। उपतहसील करेली बड़ी में खेमलता साहू 518 मतों से चुनाव जीतकर सरपंच चुनी गईं। कांग्रेस सरपंच प्रत्याशी खेमलता नरेश साहू को कुल 2124 मत मिले। वहीं भाजपा प्रत्याशी इंदु प्रदीप साहू को 1606, निर्दलीय प्रत्याशी दमयंतीन जितेंद्र निषाद को 438 मत प्राप्त हुए।

चुनाव को लेकर गांव में काफी उत्साह रहा। सरपंच, पंच समेत जनपद पंचायत सदस्य की जीत हुई है। खेमलता साहू आश्रित ग्राम खट्टी से हैं, जो पहली बार अपने गांव से चुनाव लड़ी और सफलता मिली। वह पहली महिला सरपंच हैं जो करेली बड़ी पंचायत से चुनाव लड़ी। वह प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति करेली बड़ी की पूर्व महिला उपाध्यक्ष थीं। कांग्रेस पार्टी ने उन पर भरोसा जताया और सफलता भी मिली। करेली बड़ी और खट्टी में 7 मतदान केंद्र बनाए गए थे जहां मतदाताओं ने अपनी स्वेच्छा से मतदान कर अपने जनप्रतिनिधि को चुना। सरपंच बनते ही गांव में जश्न का माहौल है।

#### वार्ड में इन लोगों ने जीता

करेली बड़ी पंचायत चुनाव में कांग्रेस पंचों का धावा रहा है। 20 में से 12 वार्डों में कांग्रेस ने कब्जा जमाया वही 7 वार्डों में भाजपा समर्थित पंचों ने जीत हासिल की। 1 वार्ड में चुनावी परिणाम बराबरी में है। वार्ड क्रमांक 1 दयालु साहू, वार्ड क्रमांक 2 बीनू बाई साहू, वार्ड क्रमांक 3 भोजराम साहू, वार्ड क्रमांक 4 ढालेश साहू ,वार्ड क्रमांक 5 भुवनेश्वरी साहू ,वार्ड क्रमांक 6 गायत्री सेन, वार्ड क्रमांक 7 रुक्मणी साहू , वार्ड क्रमांक 8 तोरण आनेश्वरी, वार्ड क्रमांक 9 कुलेश्वर सिन्हा, वार्ड क्रमांक 10 संतोष मान्डे, वार्ड क्रमांक 11 मालती भारती, वार्ड क्रमांक 12 सुरूज निषाद , वार्ड क्रमांक 13 गौरी निषाद , वार्ड क्रमांक 14 राजकुमारी निषाद, वार्ड क्रमांक 15 में परिणाम बराबरी पर रहा। वार्ड क्रमांक 16 में नरेश भारती, वार्ड क्रमांक 17 गायत्री साहू, आश्रित ग्राम खट्टी से वार्ड क्रमांक 18 से यशवंत साहू, वार्ड क्रमांक 19 से निमेष कुमार यादव, वार्ड क्रमांक 20 में यदुनंदन साहू ने जीत दर्ज की।

शहरवासी हाईटेक बस स्टैंड, औद्योगिक नगर, ट्रांसपोर्ट नगर, गोकुलनगर की बांट जो रहे

## निगम के आधा दर्जन प्रोजेक्ट की फाइल बीस साल से धूल खा रही, फंड का रोना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगरपालिक निगम धमतरी में आधा दर्जन बड़े प्रोजेक्ट ऐसे हैं जिसका प्रस्ताव पिछले 20-25 साल से स्वीकृति के लिए राज्य शासन को भेजा जाता है लेकिन फंड नहीं मिलने से प्रोजेक्ट की फाइल धूल खाती दफ्तर में पड़ी हुई है। विडंबना ही है कि फंड की स्वीकृति नहीं मिलने से शहरवासियों को हमेशा निराश होना पड़ रहा है। कमोबेश सभी पार्टियां चुनाव के समय अपने घोषणा पत्र में इन प्रोजेक्ट को शामिल करती है लेकिन फाइल धरातल पर नहीं उतर रही है। बिजली, पानी, सफाई, सड़क आदि की सुविधाएं लोगों को समय पर नहीं मिलती। नालियां जाम है, रोड खस्ताहाल में है, सफाई पर्याप्त नहीं है।

शहर के नागरिक देवेंद्र सोनकर, छोटू सोनकर, पप्पू भैरव, त्रिलोक कुटारे, आनंद साहू, राजेश साहू, जगदीश निषाद ने बताया कि हाईटेक बस स्टैंड, औद्योगिक नगर, ट्रांसपोर्ट नगर, गोकुल नगर, गोलबाजार का जीर्णोद्धार, खेल मैदानों व तालाबों का सरंक्षण जरूरी है। यहां हाईटेक बस स्टैंड की आवश्यकता है। मौजूदा बस स्टैंड छोड़ा पड़ने लगा है। शहर के मध्य में स्थित होने के कारण बड़ी बस का नगर प्रवेश दुर्घटना का कारण बनती है। भाजपा कांग्रेस सहित सभी क्षेत्रीय दल चुनाव के समय आधुनिक बस स्टैंड बनाने की घोषणा तो करते हैं, पर अमल में नहीं लाया जा सका। लगभग 9 करोड़ का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा गया है, लेकिन स्वीकृति नहीं मिलने से प्रोजेक्ट फाइलों में कैद है। बता दें कि नया बस स्टैंड खपरी में जमीन भी एलाट हो गया है लेकिन इंतजार करते 20 साल हो गए।

शहर के मध्य स्थित गोलबाजार 80 साल पुराना बाजार है। यहां 80 से ज्यादा दुकानें और करीब 150 पसरा लगता है। गोलबाजार का जीर्णोद्धार करने प्रस्ताव भेजा जाता है, जिसकी अनुमानित लागत 15 करोड़ रुपए है। यह प्रोजेक्ट भी फाइलों में गुम है। शहर के लगभग 30 वार्ड में डेयरियां संचालित हैं जिसकी संख्या लगभग 120 है। शहरवासी गोबर गंदगी से परेशान होकर गोकुलनगर बसाने विगत 20 सालों से मांग कर रहे हैं। इसके लिए 1.5 करोड़ की मांग रखी गई है। स्वीकृति तो नहीं मिली है साथ ही डेयरी व्यवसायी सोरम भटगांव में प्रस्तावित जगह पर जाना नहीं चाह रहे हैं। इसके बदले दूसरे जमीन की मांग कर रहे हैं। फंड के साथ-साथ यह मामला भी अटका हुआ है।

ट्रांसपोर्ट एवं औद्योगिक नगरी की मांग भी एक लंबे अर्से से की जा रही है। दोनों के लिए निगम ने 15-15 करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजा है। हर पंचवर्षीय कार्यकाल में निगम सरकार हर साल कागजी कार्रवाई करती है लेकिन सफलता नहीं मिली। इन दोनों के लिए श्यामतराई चिटौद में जमीन चिन्हांकित हो गई है। शहर के अंदर 22 तालाब व दो बड़े खेल मैदान है जिन्हें संरक्षण करने की जरूरत है। जीर्णोद्धार के अभाव में तालाब और खेल मैदान जर्जर होते जा रहे हैं।



#### ट्रिपल इंजन की सरकार से जागी उम्मीद

शहर में ट्रिपल इंजन की सरकार बैठ गई है। लोगों को उम्मीद है कि इस बार उनके सारे सपने सच होंगे। नवनिर्वाचित रामू रोहरा ने भी महापौर बनने के बाद मीडिया को दिए बयान में कहा है कि अब जनता बताएगी कि निगम सरकार को क्या करना है। जनता की उम्मीदों पर 100 फीसदी खरा उतरेंगे। दिल्ली और रायपुर से फंड सीधे धमतरी पहुंचेगा और शहर का भरपूर विकास होगा। जनता से किए गए सभी वादे पूरे होंगे।

भाजपा कुरुद ने आयोजित की आभार रैली एवं सभा

## हमें गर्व हो ऐसा कुरुद बनाने की दिशा में काम होगा : अजय





हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

हमें गर्व महसूस होगा कि हम देश के ऐसे भूखंड में रहते हैं जहां का वातावरण अनुकूलित व संतुलित होने के साथ वहां हर सुविधा उपलब्ध होगी जो महानगरों में भी देखने को नहीं मिलता। सबका अनुभव, जनता का सहयोग व सुझाव लेकर कुरुद में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में काम होगा। उक्त बातें पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक अजय चंद्राकर ने आभार सभा को संबोधित करते हुए कही।

शुक्रवार को नगर पंचायत कुरुद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों के विजयश्री मिलने पर भाजपा ने आभार रैली एवं सभा का आयोजन किया। भाजपाइयों की रैली भाजपा कार्यालय कुरुद से शुरू होकर कारगिल चौक, सरोजनी चौक, गांधी चौक, चंडी मंदिर से होते हुए सभा स्थल पुराना बाजार चौक कुरुद पहुंची। यहां सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि ढाई दशक में कुरुद का जितना विकास व विस्तार हुआ है वह इसके सम्यक और किसी शहर में देखने को नहीं मिलेगा। हमने कुरुद व छग को संवारने का संकल्प लिया है जिसे पूरा कर रहे हैं। लेकिन कांग्रेस ने इसे लूटने का ही काम किया है, उसने इसे लूटने संगठित संस्थान बना रखा था। वे लोग अप्रत्यक्ष चुनाव करा स्पष्ट जनादेश में धांधली कर राज करना चाहते थे जिसे भाजपा ने फिर बदलकर रख दिया।

सभा को वरिष्ठ भाजपा नेता मालक राम साहू, वरिष्ठ अधिवक्ता एलपी गोस्वामी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर निरंजन सिन्हा, कृष्णकांत साहू, तिलोकचंद जैन, भानु चंद्राकर, भूपेंद्र चंद्राकर, सुनील चंद्राकर, सुरेश अग्रवाल, सत्यप्रकाश सिन्हा, प्रभात बैस, खिलेंद्र चंद्राकर, विकास चंद्राकर, रवि चंद्राकर, भोजराज चंद्राकर, मिथिलेश बैस, सीतेश सिन्हा समेत पार्षदगण, भाजपा कार्यकर्तागण एवं नगरवासी उपस्थित थे।

#### कुरुद की बेहतरी के लिए किसी को आड़े आने नहीं दूंगी : ज्योति

आभार सभा को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने कहा कि नगर में भ्रष्टाचार, नशाखोरी, गांजा गोली के कारोबार, रिश्वतखोरी, जुआ-सट्टा जैसी सामाजिक बुराई में लिप्त सभी लोग सावधान हो जाये। वे एक माह के भीतर अपना बोरिया बिस्तर समेट ले नहीं तो उन सबको मेरे प्रकोप से कोई नहीं बचा पायेगा। इस मामले में न तो मैं शासन-प्रशासन की सुनुंगी न सत्ता पक्ष व विपक्ष की। इस दिशा में तैयारी शुरू हो चुकी है और मेरे शपथ ग्रहण के साथ ही महिला कमांडो की टीम इस दिशा में काम करना शुरू कर देगी। मैं कुरुद की बेहतरी के लिए किसी को आड़े आने नहीं दूंगी। कुरूद की सेवा के लिए आपने जो मुझे जनादेश दिया है उसके लिए मैं सदा आभारी रहूंगी।

एमओयू के जरिये संस्थानों के बीच सहयोग स्थापित होता है : डॉ. रोहणी

## पीजी एवं कन्या महाविद्यालय के बीच हुआ एमओयू

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार पाठक के निर्देशन एवं डॉ. सरला द्विवेदी के मार्गदर्शन में राजनीति विज्ञान विभाग में एमओयू का कार्यक्रम नारायण राव मेघावाले शासकीय कन्या महाविद्यालय धमतरी व बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के मध्य हुआ। इस अवसर पर कन्या महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रोहणी मरकाम एवं



अतिथि व्याख्याता डॉ. जयश्री रणसिंह एवं बीसीएस महाविद्यालय के आईक्यूएसी विभागाध्यक्ष डॉ. सरला द्विवेदी एवं राजनीति विज्ञान विभाग से डॉ. पल्लवी महतो, भूपेन्द्र साहू, निशा तिवारी व दोनों महाविद्यालय के एमए द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थी उपस्थित थे। इस दौरान कन्या महाविद्यालय की डॉ. जयश्री रणसिंह ने एक राष्ट्र-एक चुनाव पर पावर पाइंट प्रेजेन्टेशन पेश किया। इसके पश्चात पीजी कॉलेज से निशा तिवारी ने महिला अधिकार एवं लैंगिक मुद्दे पर अपना पावर पाइंट प्रेजेन्टेशन दिया। कन्या महाविद्यालय से एमए चतुर्थ सेमेस्टर की विद्यार्थी गीतांजलि ने भ्रष्टाचार पर एवं गीता साहू ने संविधान वाद पर प्रेजेन्टेशन दिया। कन्या महाविद्यालय की विभागाध्यक्ष डॉ. रोहणी मरकाम ने बताया कि एमओयू के जरिये संस्थानों के बीच सहयोग स्थापित किया जाता है। यह समझौता कई गतिविधियों को कवर कर सकता है। कॉलेज, विश्वविद्यालय अक्सर एक-दूसरे के साथ साझेदारी स्थापित करने के लिए एमओयू का इस्तेमाल करते हैं। डॉ. सरला द्विवेदी ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पल्लवी महतो एवं आभार प्रदर्शन भूपेन्द्र साहू ने किया।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सरिता बैस सिहाद की सरपंच चुनी गई

**धमतरी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत ग्राम पंचायत सिहाद में



सरपंच पद पर श्रीमती सरिता छत्रपाल बैस 250 वोटों से विजयी हुई। उन्होंने प्रतिद्वंदी डोमेश्वरी विद्या साहू को एक-एक वोट के लिए तरसाने के लिए मजबूर कर दिया। जीत के बाद ग्रामीणों ने उन्हें बधाई दी। आधी रात को ग्रामीण ढोल बाजे, नगाड़े, पटाखों के साथ झूमते रहे। खूब आतिशबाजी की गई।

### कम्प्यूटर साइंस की प्रायोगिक परीक्षा 22 को

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में अध्ययनरत बीसीए व्दितीय वर्ष विषय-प्रोग्रामिंग इन सी प्लस प्लस व डीबीएमएस एवं बीएससी व्दितीय वर्ष विषय कम्प्यूटर साइंस की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 22 फरवरी को महाविद्यालय के आईटी विभाग में प्रातः 8 बजे से होगी।

### भूगोल की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 22 को

**कुरूद।** संतगुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में भूगोल की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 22 फरवरी को प्रातः 10 बजे होगी। परीक्षार्थी निर्धारित तिथि को समय से आधा घण्टा पूर्व भूगोल विभाग में प्रायोगिक फाइल, लेखन सामग्री के साथ उपस्थित होंगे। परीक्षा में उपस्थित नहीं होने पर समस्त जवाबदारी स्वयं छात्र-छात्राओं की होगी। छात्रों के नाम एवं रोल नंबर की सूची भूगोल विभाग के सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है।

### सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने वाला नक्सली गिरफ्तार

**दंतेवाड़ा।** बीजापुर, सुकमा एवं दंतेवाड़ा जिलों के सीमावर्ती क्षेत्रों के जंगल पहाड़ों में 3 फरवरी को पश्चिम बस्तर डिवीजन के प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन के लगभग 30-40 सशस्त्र नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी, बस्तर फायटर और सीआरपीएफ का संयुक्त बल अलग- अलग कैम्पों से रवाना हुए थे। 4 फरवरी को सुबह 9.30 बजे पुलिस पार्टी ग्राम पुरंगेल के जंगल,नाला पर नक्सलियों द्वारा घात लगाकर आईईडी ब्लास्ट किया गया। जिसके चपेट में आने से सीआरपीएफ 231 का एक जवान घायल हो गया था। नक्सलियों द्वारा पुलिस बल पर अंधाधुंध फायरिंग किया गया। लगाये गये स्पाईक होल में बीटीआर का एक जवान के गिरने से उसके दाहिने पैर के तलवे में स्पाइक लगने से घायल हो गया। पता तलाश के दौरान कोसा सोड़ी मिलीशिया सदस्य 30 वर्ष निवासी डोडी तुमनार थाना गंगालूर को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया।

149 साल के बाद आया शुभ अवसर, शिव की पूजा करने से मिलेगा मनोवांछित फल

# इस बार महाशिवरात्रि पर बन रहा सूर्य, शनि, बुध का त्रिग्रही महायोग





### बनारस की तर्ज पर निकलेगी शिव जी की बारात

श्री बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट की ओर से इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर शिवजी की बारात निकाली जाएगी। बारात विंध्यवासिनी मंदिर से प्रारंभ होकर सदरबाजार होते हुए बूढ़ेश्वर मंदिर में समाप्त होगी। मंदिर ट्रस्ट के विपिन पवार, रामू रोहरा, विजय गोलछा, नीलेश लुनिया, सलज अग्रवाल, मुकेश सुखवानी आदि ने बताया कि महाशिवरात्रि पर मंदिर में पांच दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। 22 जनवरी को शाम 7 बजे हल्दी, 23 फरवरी को मेहंदी, 24 फरवरी को मंगल गीत, 25 फरवरी को सुबह 5 बजे से, 26 फरवरी सुबह 5 बजे तक 24 घंटे जलाभिषेक होगा। 5 बजे सुबह मंगल आरती दर्शन, दोपहर 12:30 बजे भोग आरती, संध्या 4 बजे दिव्य स्वरूप श्रृंगार, दर्शन, 8 बजे शाम को महाआरती एवं भोग, 11:30 बजे महाश्रृंगार, मंगल, आरती, रात्रि 12 बजे रूद्राभिषेक होगा। शिवजी की बारात 25 फरवरी को निकलेगी। 26 फरवरी को शाम 7 बजे भजन संध्या होगी।

### शिव मंदिरों में विशेष अभिषेक

शहर के बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर, नागेश्वर महादेव मंदिर, मकेश्वर महादेव मंदिर, बटुकेश्वर महादेव मंदिर, रूद्रेश्वर महादेव मंदिर, महाकालेश्वर महादेव मंदिर सहित विभिन्न वार्डों में स्थापित शिव मंदिरों में महाशिवरात्रि पर विशेष पूजा पाठ का आयोजन किया जाएगा। 24 घंटे का जलाभिषेक और चारों पहर में महाआरती होगी। शिवलिंग का आकर्षक ढंग से श्रृंगार किया जाएगा। इसकी तैयारी मंदिर ट्रस्ट की ओर से की जा रही है। मंदिरों को आकर्षक लाइट से सजाकर रंग रोगन किया जा रहा है। महाशिवरात्रि पर मंदिरों में भक्तों की भीड़ रहेगी। व्यवस्था बनाने समिति ने टीम का गठन किया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

महाशिवरात्रि का पर्व इस वर्ष 26 फरवरी को बनेगा। इस दिन नदी, सरोवर या संगम में डुबकी लगाकर महादेव की पूजा-अर्चना करने से समस्त पापों का नाश होता है। भक्तों को मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। महाशिवरात्रि पर इस साल दुर्लभ योग बन रहा है जो 149 साल बाद आया है। इस दिन सूर्य, शनि, बुध का त्रिग्रही महायोग बन रहा ह। तीनों ग्रह की दुर्लभ युति से भक्तों की सभी मनोकामना पूर्ण होगी।

पंडित राजकुमार तिवारी ने बताया कि यह एक ऐसा दिव्य योग है जो काफी लाभकारी है। यह 149 साल बाद आया है जिसे सर्वार्थ सिद्ध योग भी कहा जा सकता है। श्री तिवारी ने बताया कि फागुन माह की चौदहवीं तिथि अमावस से एक दिन पहले की रात महाशिवरात्रि की रात मानी जाती है। गणना के अनुसार महाशिवरात्रि में पृथ्वी का उत्तरी गोलार्ध सौरमंडल के प्रभावी ग्रहों के साथ सीधा में आता है जो मनुष्य के अंदर आध्यात्मिक शक्ति, ऊर्जा का संचार होता है। भगवान भोलेनाथ ऊर्जा चक्र के देवता हैं।

श्री तिवारी ने बताया कि महाशिवरात्रि की रात चारों प्रहर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने पर शरीर में चेतना, ऊर्जा का संचार होगा। सूर्य जो कुंभ राशि में विराजमान है, इसी राशि में बुध और शनि गृह भी है जो त्रिग्रही योग बना रहा है। महाशिवरात्रि पर शिव की आराधना सभी लोग कर सकते हैं। दिव्य आराधना के लिए गृहस्थ, साधु सन्यासी आध्यात्मिक क्रियाएं साध सकते हैं। शिव पूजन के चार पहर है। इस अवधि में पूजा का विशेष महत्व है।



## धूलमुक्त शहर व पक्की सड़कें लोगों की पहली मांग

- धूल, राखड़, खराब सड़कों से शहरवासी परेशान, अब नई सरकार से उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शहर की जनता पिछले एक दशक से धूल राखड़ से परेशान है। मुख्य मार्गों सहित अंदरूनी गलियों की खराब सड़कों से परेशान हैं। शासन, प्रशासन, निगम प्रशासन को समस्या से निजात दिलाने कई बार आवेदन दिए लेकिन समस्याओं से मुक्ति नहीं मिली। शहर के नागरिक कुंदन सार्वा, हीरासिंग साहू, खेमन सोनकर, मनोज विश्वकर्मा, शंकर यादव का कहना है कि शहर में उड़ती धूल के गुब्बार व खस्ताहाल सड़क यहां की प्रमुख समस्या है। वातावरण प्रदूषित होने से लोग विभिन्न बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। पैदल यात्री, साइकल बाइक सवार राहगीर खासे परेशान हैं। यह समस्या काफी वर्षों से है। जनप्रतिनिधि और उच्च अधिकारी इस ओर कोई ठोस कार्रवाई करते। इस बार भी भाजपा, कांग्रेस ने धूलमुक्त शहर बनाने घोषणा पत्र जारी किए हैं। अब नई सरकार आने से धूल मुक्त शहर बनाने की दिशा में कार्रवाई करने की उम्मीद जागी है।

बता दें कि शहर के रायपुर रोड, सिहावा रोड, विंध्यवासिनी मंदिर मार्ग, रूद्री रोड, बस्तर रोड, मंडी रोड आदि ऐसे क्षेत्र हैं जहां 24 घंटे धूल के गुबार उठते हैं। यहां 150 राइस मिल हैं। इन मिलों के निकलने वाला राखड़ का कण लोगों को परेशान कर रहा है। धूल के कारण राहगीर, दुकानदार, शहरवासी परेशान हैं। हल्की बारिश के बाद धूल का कण हवा और धूप में सूखकर वातावरण को नुकसान पहुंचाता है। सड़क किनारे धूल जमी रहती है। वाहनों के चलने से उड़ने लगती है। अब तो शहर धूल और खराब सड़कों के लिए पहचान बन चुका है। इसी तरह मुख्य मार्ग सहित वार्डों की सड़कें पूरी तरह खराब हो चुकी हैं जिसका जीर्णोद्धार करने की आवश्यकता है।

## क्षेत्र के नवनिर्वाचित जनपद सदस्यों ने पूर्व विधायक से की मुलाकात

शहर के बाद अब गांवों में बन रही भाजपा की सरकार : रंजना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

धमतरी विधानसभा के जनपद पंचायत क्षेत्र के नवनिर्वाचित जनपद सदस्यों ने भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू से उनके निवास में मुलाकात की। श्रीमती रंजना साहू ने सभी से जनसेवा के कार्यों के साथ भाजपा संगठन द्वारा दिये गए कार्यों को निष्ठापूर्वक करने की बात कही।

श्रीमती साहू ने आगे कहा कि प्रदेश में भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार के सुशासन में जनता को विश्वास है, इसलिए शहरों में हुए चुनाव में भाजपा की जीत के बाद भाजपा की सरकार गांव-गांव में बन रही है। पंच, सरपंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य में भाजपा समर्थित प्रत्याशी जीत का परचम लहरा रहे हैं।

इस अवसर पर भोथली मंडल अध्यक्ष मिश्रीलाल पटेल, शहर मंडल अध्यक्ष विजय साहू, सुंदरगंज वार्ड पार्षद नरेन्द्र रोहरा, दिग्विजय सिंह कृदत, पूर्व पार्षद श्रीमती श्यामा साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

## मगरलोड जनपद में 13 महिला 10 पुरुष सदस्यों का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड



जनपद पंचायत मगरलोड में 23 जनपद क्षेत्र शामिल है। महिला सशक्तिकरण एवं महिला आरक्षण की वजह से जनपद पंचायत मगरलोड में महिला जनपद सदस्यों का दबदबा रहेगा।

जनपद क्षेत्र भेंडरी में विनीता साहू, परसठ्ठी से अनीता देशमुख, कुंडेल से सरिता कश्यप, मेघा में यमुना साहू, गिरौद में नंदनी साहू, खिसोरा में तिलोत्मा साहू, अमलीडीह से बबीता ठाकुर, बेलरदोना से हेमलता ध्रुव, कमरौद से डुगेश्वरी साहू, पहंदा से कविता सिन्हा, बोड़रा से पूनम साहू, बोरसी से दुर्गेश नंदनी साहू, मोहेरा से रामकुमारी कश्यप का कद बढ़ा है।

पुरुष जनपद सदस्यों में बुड़ेनी से प्रहलाद निषाद, हसदा से राजेश साहू, नवागांव से विनीत बाफना, धौराभाटा से वीरेंद्र साहू, करेली छोटी से खिलेश साहू, मोहंदी से कृष्ण कुमार ध्रुव, करेली बड़ी से देवेंद्र पाल, राकांडीह से केवलराम कंवर, सिंगपुर से गजेंद्र दीवान, भंडारवाडी से रामजी नेताम सहित 10 पुरुष जनपद सदस्य रहेंगे।

## हिमांशु दर्री सरपंच चुने गए




हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

त्रि-स्तरीय चुनाव के प्रथम चरण में 17 फरवरी को ग्राम दर्री में शांतिपूर्ण मतदान हुआ। हिमांशु शेखर साहू 142 मतों से जीत दर्ज कर सरपंच चुने गए। हिमांशु साहू एक सिविल इंजीनियर भी हैं। श्री साहू ने जीत का श्रेय सभी मतदाताओं एवं अपने कार्यकताओं को दिया। उन्होंने बताया कि पूर्व सरपंच श्रीमती गीतेश्वरी साहू के प्रयास से गांव में अनेक विकास कार्य हुए हैं। अब उसी क्रम को आगे बढ़ाने का कार्य किया जाएगा। युवाओं, निर्वाचित पंच एवं ग्राम विकास समिति के सहयोग से नई योजनाएं बनाई जायेगी। गांव की समस्या का प्राथमिकता से निराकरण किया जाएगा।

## गणेशपुर में कबीर सत्संग समारोह 24 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

सत्संग सेवा समिति, बोल बम सेवा समिति, रामायण सेवा समिति तथा ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम गणेशपुर में तीन दिवसीय सदगुरु कबीर सत्संग



समारोह का आयोजन 24 फरवरी से किया गया है। समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रमुख उपदेश के रूप में लहरतारा काशी से सुधाकरदास शास्त्री साहेब पहुंच रहे हैं। इनके अलावा संत गौतम दास, टुकेश्वर दास, अनुपम दास, रामचंद्र दास, दिनेश दास, विवेक दास भी आयेंगे। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से दोपहर 1बजे तक तथा दोपहर 2.30 बजे से संध्या 5 बजे तक आयोजित होगा।

## जिपं क्षेत्र क्रमांक 7 से भाजपा समर्थित मोनिका ने जीत दर्ज की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 7 (झुरानवागांव से बोरिद खुर्द) में वर्षों से कांग्रेस अपनी पकड़ बनाए रखने का दावा करती आई थी, लेकिन 2025 के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जनता ने कांग्रेस के इस भ्रम को पूरी तरह से तोड़ दिया। यहां से भाजपा समर्थित प्रत्याशी श्रीमती मोनिका ऋषभ देवांगन ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है।

इस चुनाव में मतदाताओं ने भाजपा की विकासपरक नीतियों और श्रीमती मोनिका देवांगन के जनसेवा के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें भारी मतों से विजयी बनाया। उन्होंने कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी को करारी शिकस्त देते हुए यह साबित कर दिया कि जनता अब केवल वादों पर नहीं, बल्कि ठोस कार्यों पर विश्वास करती है। श्रीमती देवांगन ने कहा कि यह जीत केवल मेरी नहीं, बल्कि क्षेत्र की जनता की जीत है। यह जनता का विश्वास और भाजपा की नीतियों की विजय है। मैं जनता की उम्मीदों पर खरा उतरूंगी और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य करती रहूंगी।

## थ्रीडी इफेक्ट में दिखेगा डायमंड, गोल्ड, फ्लावर्स, बर्फ का शिवलिंग

- ब्रम्हाकुमारीज संस्थान का शिव सरोवर में 25 से महाशिवरात्रि महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

प्रजापिता ब्रम्हाकुमारीज ईश्वरीय विवि धमतरी द्वारा 89वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती पर निर्माणाधीन शिव सरोवर में 3 दिवसीय मेला का आयोजन किया जा रहा है। बीके सरिता ने बताया कि रत्नाबांधा रोड स्थित वंदना विहार कालोनी में ब्रम्हाकुमारीज के निर्माणाधीन शिव सरोवर में 25, 26 और 27 फरवरी को मेला का आयोजन किया जाना है। सुबह 7 से रात्रि 9 बजे तक श्रद्धालु मेला का दर्शन लाभ ले सकेंगे। इस मेले में होलोग्राफिक शिवलिंग दिखाई देखा।



इस शिवलिंग में 13 प्रकार के शिवलिंग दिखाई देंगे। डायमंड, गोल्ड, फ्लावर्स, बर्फ का शिवलिंग थ्रीडी इफेक्ट में दिखेगा। आगे बताया कि इस मेले में बच्चों और बड़ों के लिए भी नैतिक मूल्य पर आधारित गेम रखे गए हैं। खेल-खेल में नैतिक शिक्षा भी मिलेगी।

## धान के रेट में आया उछाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



धान खरीदी समाप्त होने के बाद अब कृषि उपज मंडी में धान की आवक बढ़ने लगी है। आवक बढ़ने के साथ ही धान के मूल्य में थोड़ी बढ़त हुई है। उधर किसानों के पास सीमित मात्रा में धान शेष है। इस धान को बेचने के लिए वे रेट में और उछाल का इंतजार कर रहे हैं।

राज्य शासन ने इस साल किसानों से भरपूर मात्रा में धान की खरीदी की है। ऐसे में अधिकांश किसानों ने अपना धान समर्थन मूल्य पर बेच दिया है। इसके बाद भी किसानों के पास थोड़ा बहुत धान बाकी है। समर्थन मूल्य पर खरीदी समाप्त होने के बाद अब वे इस धान को बेचने की तैयारी में है। इसके लिए वे मंडी में धान के रेट में उछाल आने का इंतजार कर रहे हैं। उधर कृषि उपज मंडी में धान के रेट में शुक्रवार को बढ़ोतरी हुई है। इसी के साथ आवक में भी तेजी दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को कृषि उपज मंडी में गोल्डन सांभा धान 2430 रुपए प्रति क्विंटल बिका। वहीं आईआर 64 वेरायटी का धान 2300, सांभा 2493, सरोना 2230 रुपए प्रति क्विंटल बिका।

हरिभूमि पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 30 अप्रैल, 03 मई, 8 मई, 11 मई, 14 मई, 19 मई, 22 मई, 25 मई, 30 मई, 02 जून, 05 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:- स्लीपर 20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

ज्योतिषी शिर्डी से आपके धमतरी में
अखिल भारतीय ज्योतिषी सम्राट नगर में 10वी बार
माँ कामाख्या के परम भक्त
पं. कुण्डलिक शास्त्री जी
आपके शहर धमतरी में
जनता की मांग पर 5 दिन के लिए : 5 फरवरी से 25 फरवरी 2025 तक
मां कामाख्या के आशीर्वाद प्राप्त भक्त पंडित जी चेहरा-हस्तरेखा ध्यान से देखकर भविष्य बताते हैं। जैसे रोग- संतान प्राप्ती, मांगलिक दोष, कालसर्प दोष, शादी में रूकावट, प्रेम विवाह, पारिवारिक-घर में अशांति, संतान योग, पढ़ाई में मन न लगना, बच्चों के कैरियर, विदेश यात्रा, राजनैतिक, सामाजिक, पारिवारिक, कोर्ट-कचहरी से परेशानी, नौकरी में प्रमोशन, व्यापार धन लाभ, शारीरिक कष्ट, रोग, पीड़ा, कलेश, शत्रु से मुक्ति, घर से परेशान, पति-पत्नी का दोष आदि समस्याओं का समाधान। कठिन से कठिन समस्याओं का समाधान।
बाबाजी सिर्फ 3 प्रश्नो के उत्तर देंगे, जिसकी भावना शुद्ध है वही मिले
(मिलने का समय : सुबह 8 से 12 बजे, दोपहर 2 से शाम 7 बजे तक)
पता - भगवती लॉज, रूम नं. 117 बस्तर रोड, धमतरी मो. 9637078050
फीस 205/-

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020